फूटी पाइपलाइन, हजारों लीटर सड़क पर बहा पानी

खास बातें

- क्षतिग्रस्त होने से स्टेशन क्षेत्र के वार्डों में नहीं पहुंचा पेयजल
- बीएसएनएल की खुदाई से जय स्तंभ चौक पर फूटी पाइपलाइन
- नगर पालिका ने ठेकेदार को जारी किया नोटिस
- निगरानी और पूरे प्रोजेक्ट की निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 29 जुलाई, जय स्तंभ चौक पर बीएसएनएल की केबल लाइन बिछाने के लिए की जा रही खुदाई के दौरान नगर की मुख्य जलप्रदाय पाइपलाइन फूट गई. इससे हजारों लीटर पेयजल सड़क पर बहकर बर्बाद हो गया. पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण स्टेशन क्षेत्र के सभी वार्डों में नल-जल योजना के उपभोक्ताओं को पानी नहीं मिल सका, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.

जानकारी के अनुसार बीएसएनएल कंपनी द्वारा रात के समय मशीन से केबल लाइन डालने के लिए खुदाई की जा रही थी. इसी दौरान आधुनिक मशीन की चपेट में आने से सीमेंट की मुख्य जलप्रदाय पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई. घटना के बाद नगर पालिका परिषद ने बीएसएनएल के ठेकेदार को नोटिस जारी कर क्षतिपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं.बताया जा रहा है कि नगर के कई स्थानों पर भी केबल लाइन की खुदाई के दौरान जलप्रदाय पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे स्टेशन क्षेत्र के नल-जल उपभोक्ताओं की जलापूर्ति प्रभावित हो रही है.

स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइपलाइन बिछाने की अनुमति नगर पालिका परिषद द्वारा दी गई है, लेकिन खुदाई के दौरान नगर पालिका का कोई कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं रहता. मजदूरों को यह जानकारी नहीं होती कि पाइपलाइन किस गहराई और किस स्थान पर बिछी हुई है. वहीं नगर पालिका के जल विभाग द्वारा भी पाइपलाइन का नक्शा या आवश्यक तकनीकी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिसके कारण बार-बार पाइपलाइनें टूट रही हैं.नियमों के अनुसार खुदाई के बाद सड़क को तत्काल सीमेंट-कंक्रीट से पूर्ववत करना भी ठेकेदार की जिम्मेदारी है, लेकिन कई स्थानों पर गड्ढे खुले पड़े हैं. इससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है.स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका और बीएसएनएल समन्वय बनाकर कार्य कराएं, ताकि पेयजल व्यवस्था प्रभावित न हो और सड़कें भी समय पर दुरुस्त की जा सकें.

पूर्व विधायक निशंक जैन का आरोप

पूर्व विधायक निशंक जैन ने आरोप लगाया कि 45 करोड़ रुपये की लागत से नगर में जलप्रदाय पाइपलाइन का कार्य नियमों और शर्तों को ताक पर रखकर आधा-अधूरा किया गया. उनका कहना है कि निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं और यह पूरे मामले में बड़े भ्रष्टाचार की ओर संकेत करता है.उन्होंने कहा कि बार-बार पाइपलाइन फूटने और जलापूर्ति बाधित होने से आम जनता परेशान है. यदि कार्य निर्धारित गुणवत्ता और तकनीकी मानकों के अनुरूप किया गया होता तो ऐसी स्थिति बार-बार उत्पन्न नहीं होती.

45 करोड़ की जलप्रदाय योजना पर उठे सवाल, बार-बार फूट रही पाइपलाइन से जनता परेशान

जय स्तंभ चौक पर बीएसएनएल की केबल लाइन बिछाने के दौरान मुख्य जलप्रदाय पाइपलाइन फूटने के बाद शहर की करीब 45 करोड़ रुपये की जलप्रदाय योजना पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं. लगातार पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से जल उपभोक्ताओं में नाराजगी है और वे पूरे प्रोजेक्ट की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं.स्थानीय लोगों का कहना है कि योजना के निर्माण के समय पाइपलाइन निर्धारित मानकों के अनुसार पर्याप्त गहराई पर नहीं डाली गई. आरोप है कि कहीं पाइपलाइन तीन फीट तो कहीं चार फीट या उससे अधिक गहराई पर बिछाई गई, जिससे खुदाई के दौरान उसके क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना रहता है. नागरिकों का यह भी आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी नियमों और शर्तों का पूरी तरह पालन नहीं किया गया.लोगों का कहना है कि जलप्रदाय योजना पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद पूरे शहर में पाइपलाइन नेटवर्क नहीं बिछाया गया और अब आए दिन पाइपलाइन फूटने से जलापूर्ति बाधित हो रही है. उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य नियमानुसार हुआ होता तो बार-बार ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती.स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि पूरे प्रोजेक्ट की तकनीकी और वित्तीय जांच कराई जाए तथा यदि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों, ठेकेदारों और संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए.

मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पक्ष

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने कहा, मैं अभी-अभी यहां पदस्थ हुआ हूं, इसलिए इस मामले की पूरी जानकारी अभी मेरे पास नहीं है. तथ्यों की जानकारी प्राप्त की जा रही है. यदि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आती है, तो जो भी दोषी होंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाएगा.

वाहनों में ठूंसे मिले 83 पशु, प्रशासन ने मारा छापा

- रात के अंधेरे में वाहनों में भरे मिले पशु
- प्रशासन की टीम ने पशुओं को कराया मुक्त
- सात पशु मिले घायल, एक की मौत

नवभारत न्यूज

सिरोंज 29 जुलाई, सिरोंज में पशुओं के अवैध परिवहन एवं कारोबार के खिलाफ मंगलवार देर रात प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 83 पशुओं को मुक्त कराया. एसडीएम ओम नारायण बड़कुल के नेतृत्व में राजस्व विभाग, नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने नहर के आगे बासौदा रोड स्थित एक प्लॉट पर छापामार कार्यवाही की. यहां पर टीम को एक बड़े ट्रक और दो छोटे लोडिंग वाहनों में अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरे हुए भैंस, पाड़ा एवं उनके बच्चे आदि करीब 83 पशु मिले. जिनमें से सात पशु गंभीर रूप से घायल मिले. जिनको उपचार के लिए भेजा गया. जबकि उपचार के दौरान एक पशु की मौत होने की सूचना है.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने बताया कि एसडीएम को क्षेत्र में पशुओं के अवैध परिवहन एवं व्यापार की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही एसडीएम के निर्देशन में राजस्व विभाग, नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मंगलवार देर रात बासौदा रोड स्थित नहर के आगे एक प्लॉट पर दबिश दी गई. मौके पर पहुंची टीम को एक बड़े ट्रक और दो छोटे लोडिंग वाहनों में करीब 83 पशु ठूंसकर भरे हुए मिले. पशुओं को खड़े रहने तक की जगह नहीं थी, तथा उनको वाहनों में अमानवीय तरीके से ठूंस कर भरा गया था. जिससे कई पशु गंभीर रूप से घायल हो गए थे. प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल वाहनों से पशुओं को बाहर निकलवाया और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था की. जहां घायल पशुओं का उपचार शुरू किया गया. अधिकारियों के अनुसार सात पशु घायल अवस्था में मिले. जिनका उपचार किया गया. उपचार के दौरान एक पशु ने दम तोड़ दिया, जबकि अन्य घायल पशुओं का इलाज जारी है. प्रशासन की टीम जब मौके पर पहुंची तो वाहनों के साथ मौजूद लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए. प्रशासन द्वारा वाहन को जब्त कर लिया है. फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है. मामले में जांच एवं कार्यवाही की जा रही है. यह कार्यवाही क्षेत्र में पशुओं के अवैध परिवहन और कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रशासन की महत्वपूर्ण कार्यवाही मानी जा रही है.

विधायक व थाना प्रभारी ने छात्रों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

नवभारत न्यूज

पठारी. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया. विधायक हरि सिंह सप्रे एवं थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह ने छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई. उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया. वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है तथा जागरूक युवा ही नशामुक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं. कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

रविदास कॉलोनी में घर में घुसे तीन चोर, एक दबोचा, दो अंधेरे का फायदा उठाकर फरार

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. वार्ड क्रमांक 4 स्थित रविदास कॉलोनी में गुरुवार देर रात चोरी की नीयत से एक घर में घुसे तीन चोरों में से एक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए.

जानकारी के अनुसार देर रात तीन अज्ञात युवक एक मकान में घुस गए. घर के लोगों की आहट और शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए. इस दौरान स्थानीय निवासी विमल अहिरवार ने साहस दिखाते हुए एक चोर को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी मौके से भाग निकले.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी. पुलिस फरार दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है.स्थानीय निवासी विमल अहिरवार का कहना है कि तीनों युवक नशे की हालत में थे. पुलिस इस दावे की भी जांच कर रही है.पुलिस का कहना है कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के आधार पर फरार साथियों की तलाश की जा रही है. मामले की जांच जारी है.

मौन सूचना

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

विधायक उमाकांत शर्मा ने दी दो सामुदायिक भवनों की सौगात

- करीब 32 लाख की लागत के सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण
- 10 लाख की लागत से बनने वाले नए सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

सिरोंज, विधायक उमाकांत शर्मा ने बुधवार को दो सामुदायिक भवनों की सौगात दी. उन्होंने जहां करीब 32 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया, वहीं 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी.

प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक ने स्थानीय नीलकंठ मंदिर के पीछे निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया. वही उन्होंने नवीन बस स्टैंड स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के समीप बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. आमजन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे.

मौसम सुहावना होने पर पार्क में दिखी भीड़

सिरोंज, क्षेत्र में बुधवार को बारिश से तापमान में कमी आने एवं मौसम सुहावना होने से पार्कों और पिकनिक स्थलों पर लोगों की भीड़ दिखाई दी. इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपने परिजनों एवं मित्रों के साथ पार्क एवं पिकनिक स्थलों पर पहुंचे.

शोभायात्रा निकालकर महामाई को मायके लाने पहुंचे भक्त, बारिश के बीच उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

सिरोंज, आषाढ़ मास की चतुर्दशी पर प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए महामाई को लाने के लिए नयापुरा स्थित महामाई के मायके से भक्त शोभायात्रा के रूप में डांगवाली महामाई पहुँचे. बारिश के बीच धार्मिक आस्था और उत्साह से ओतप्रोत इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.शोभायात्रा में भक्तजन झंडे-निशान लेकर गाजे-बाजे एवं बैंड की धुनों पर माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे. इस मौके पर सुसज्जित घोड़ों की बग्गी में मातारानी के प्रतीक स्वरूप चित्र विराजमान था. धर्म ध्वज पताका का नेतृत्व सुमित गौड़ ने किया.यात्रा कस्टम पथ, कठाली बाजार, सराफा बाजार, कपड़ा बाजार, चाँदनी चौक, कोर्ट गेट और पुराना बस स्टैंड होते हुए वीरपुर स्थित डांगवाली महामाई मंदिर पहुँची. इस दौरान मार्ग में वर्षा होती रही, लेकिन बारिश भी श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह को कम नहीं कर सकी. भक्तजन मातारानी के भजनों पर नृत्य करते हुए पूरे मार्ग में भक्ति भाव से आगे बढ़ते रहे. मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया.इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

आयोजन | विधायक मुकेश टंडन ने गुरु परंपरा और संस्कारों का महत्व बताया, प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

उत्कर्ष विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों व मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

नवभारत न्यूज

विदिशा. शासकीय उत्कर्ष विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा रहीं. राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बलबीर तोमर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे.

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुई. अकादमिक प्रभारी विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत निबंध, कविता, चित्रकला, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया.विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि जीवन के श्रेष्ठ संस्कार माता-पिता और गुरुजनों से मिलते हैं. विद्यार्थियों को बुराइयों का त्याग कर अनुशासन, परिश्रम और सदाचार अपनाना चाहिए. इस अवसर पर रौनक जैन, आदर्श, आदित्य राजपूत, अनन्या सहित मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए. अंत में विजय कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया.

गायत्री परिवार के कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने ली गायत्री मंत्र दीक्षा

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गायत्री परिवार विदिशा द्वारा गायत्री शक्तिपीठ राजीव नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ स्वर्णकार कॉलोनी में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. प्रात:काल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ, हवन एवं गुरु पूजन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के प्रति श्रद्धा अर्पित की.

सिरोंज में गुरु पूर्णिमा के पर्व पर वृक्षारोपण

सिरोंज के शासकीय आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिरोंज में गुरु पूर्णिमा का पर्व पर वृक्षारोपण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, गुरु वंदना, स्वागत गीत एवं प्रेरक भाषणों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी. प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों में दिलखुश, सूरज, संगम, विकास, समर प्रताप, पंकज बैरागी, मोहित भिलाला, दीपक चौधरी एवं सुमित कुशवाह प्रमुख रहे. प्राचार्य अशोक जैन ने भूमिका वक्तव्य प्रस्तुत किया. पार्षद रीना सचिन शर्मा ने भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व एवं गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से गुरुजनों के प्रति सम्मान बनाए रखने का आह्वान किया. इस मौके पर अतिथियों, विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में 20 पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. विद्यार्थियों ने शिक्षकों का तिलक एवं अंगवस्त्र से सम्मान कर गुरु पूर्णिमा पर्व की गरिमा को बढ़ाया.

सांदीपनि स्कूल में मना गुरु पूर्णिमा पर्व

सिरोंज गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत सांदीपनि स्कूल में विधायक उमाकांत शर्मा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में गुरुजनों का पुष्पमाला एवं सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मान किया. इस अवसर पर गत परीक्षा में विद्यालय के 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गुरु वंदना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. इस दौरान नपाध्यक्ष, बीईओ, बीआरसी, पूर्व प्राचार्य, विद्यालय के प्राचार्य सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे.

गंजबासौदा के एलबीएस कॉलेज में गुरु पूर्णिमा उत्सव, हुआ पौधरोपण

स्थानीय एलबीएस कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया. एनसीसी, एनएसएस एवं सांस्कृतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गुरु ज्ञान से परिपक्वता कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया.प्राचार्य डॉ. आर.आर. द्विवेदी ने कहा कि प्राचीन काल में गुरु आश्रमों में जीवनोपयोगी शिक्षा दी जाती थी. भगवान राम, श्रीकृष्ण और सम्राट चंद्रगुप्त जैसे महान व्यक्तित्व भी गुरुजनों के मार्गदर्शन में ही विकसित हुए. कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज सक्सेना ने गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं, जबकि आईटी विभागाध्यक्ष वेद प्रकाश स्वर्णकार ने गुरु शब्द का अर्थ बताते हुए गुरु को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाने वाला बताया.प्राध्यापक कुलेंद्र श्रीवास्तव, निधि शर्मा, पूनम तिवारी, नम्रता अरोरा, रुबीना ठाकुर एवं मंजू जैन ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार और संयमित जीवन का संदेश दिया. एलएलबी विभाग की प्रियंका चतुर्वेदी ने गुरु महिमा पर आधारित भजन प्रस्तुत किया.

नटेरन में गुरु पूर्णिमा पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय में गुरुजनों का सम्मान

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय नटेरन में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा माँ सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के पूजन के साथ किया गया.इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने विद्यालय के सभी शिक्षकों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया. साथ ही वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सेन,वरिष्ठ शिक्षक जे.एस. ठाकुर ,संस्था के प्राचार्य आर.जी. कुर्मी व बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

गुरु पूर्णिमा पर जिला अधिवक्ता संघ ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं का किया सम्मान

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का तिलक लगाकर, साफा बांधकर, श्रीफल एवं कलम भेंट कर सम्मान किया गया, जबकि महिला वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदित किया गया.समारोह में पूर्व वित्तमंत्री राघवजी भाई, देवेंद्र श्रीवास्तव, तुलसीराम मैना, बृजेंद्र सक्सेना, रामनारायण मिश्रा, हरदयाल परिहार एवं राममोहन सिन्हा सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे. उन्होंने जूनियर अधिवक्ताओं को ईमानदारी, निष्ठा और सेवा भाव से विधि व्यवसाय करने का संदेश दिया.कार्यक्रम का आयोजन संघ के अध्यक्ष खिलान सिंह रघुवंशी एवं सचिव राजनारायण तिवारी के नेतृत्व में हुआ. संचालन राजनारायण तिवारी ने किया तथा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह किरार ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे. संघ ने कहा कि ऐसे आयोजन युवा अधिवक्ताओं को वरिष्ठों के अनुभवों से सीखने और गुरु-शिष्य परंपरा को सशक्त बनाने की प्रेरणा देते हैं.

पठारी के बालाजी धाम बड़ोह में उमड़ा आस्था का सैलाब

क्षेत्र के प्रसिद्ध बालाजी धाम बड़ोह में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया. महोत्सव में हजारों श्रद्धालु बालाजी धाम पहुंचे और महंत विष्णुदास जी महाराज के चरणों में वंदन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु दीक्षा भी ग्रहण की.कार्यक्रम में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने बालाजी सरकार के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा महंत विष्णुदास जी महाराज से आशीर्वाद लिया. पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और भक्ति का वातावरण बना रहा.

गुरु पूर्णिमा पर गुलाबगंज में नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, गुलाबगंज में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया.

झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे, सोयाबीन फसल को मिला नया जीवन

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. क्षेत्र में बुधवार को हुई तेज झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी. लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह वर्षा किसी राहत से कम नहीं रही. बारिश से सोयाबीन सहित खरीफ की फसलों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.किसानों का कहना है कि समय पर हुई इस बारिश से सोयाबीन की फसल का बेहतर विकास होगा और उत्पादन में भी बढ़ोतरी की संभावना है. बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने के कारण फसल की बढ़वार तेज होगी.तेज बारिश का असर जल स्त्रोतों पर भी दिखाई दिया. लंबे समय से खाली पड़े कई कुएं और बावड़ियां पानी से भरने लगी हैं.

महामाई माता मंदिर विदिशा की आस्था का प्राचीन केंद्र, सदियों से निभ रही गुप्त नवरात्रि की परंपरा

- महामारी से मुक्ति की मान्यता के बाद नगर की रक्षिका बनीं महामाई माता

नवभारत न्यूज

विदिशा. ऐतिहासिक नगरी विदिशा स्थित महामाई माता मंदिर नगरवासियों की आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र है. यह मंदिर शहर के सबसे प्राचीन धार्मिक स्थलों में शामिल है, जहां हर वर्ष गुप्त नवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन कर हल्दी अर्पित करते हैं और हाजिरी लगाते हैं.

जनश्रुतियों के अनुसार, जब विदिशा को भेलसा के नाम से जाना जाता था, तब नगर में भीषण महामारी फैली थी. महामाई माता की आराधना के बाद नगरवासियों को संकट से मुक्ति मिली, जिसके बाद माता को नगर की रक्षिका के रूप में पूजा जाने लगा. तभी से गुप्त नवरात्रि में विशेष पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है.पहले मंदिर परिसर विशाल, हरियाली से आच्छादित तथा तालाब, बावड़ी और कुएं से घिरा हुआ था. श्रद्धालु परिवार सहित यहां भोजन बनाकर पहले माता को भोग लगाते और फिर प्रसाद ग्रहण करते थे. आज भी हजारों श्रद्धालु इस परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं.महामाई माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर की व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है. समाजसेवी संजय प्रजापति के नेतृत्व में स्वच्छता, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और मंदिर के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. क्षेत्रीय विधायक द्वारा मंदिर परिसर में टीन शेड निर्माण का आश्वासन भी दिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें.